**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**(तिथि 20 नवंबर 2024, समय 1810 (10 मिनट)**

55वां भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव  आज गोवा के पणजी में शुरू हो गया। भव्य उद्‌घाटन समारोह पणजी के डॉक्टंर श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित किया गया। फिल्म कलाकार अभिषेक बैनर्जी और भूमि पेडणेकर ने कार्यक्रम की मेजबानी की महोत्सव में इस वर्ष को विशेष फोकस देश का दर्जा दिया गया है, जिसे अपनी सांस्कृतिक उपलब्धियां प्रस्तु त करने का विशेष अवसर मिलेगा।

*************************************************************************

केन्द्रीय शहरी विकास एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने आज कहा कि देश के सभी प्रदेशों में जाकर ऊर्जा और शहरी आवास मंत्रालय की पहले से चल रही योजनाओं की समीक्षा की जा रही है और उनको लेकर जो दिक्कतें हैं उनको दूर किया जा रहा है। श्री मनोहर लाल भारतीय जनता पार्टी की आंतरिक समिति की बैठक के बाद मीडिया के सवालों के जवाब दे रहे थे।

केंद्रीय मंत्री ने बताया –

1-बाइट –मनोहर लाल

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इसके बाद जो राज्य  अपने स्तर पर सामान्य बिजली के प्रीपेड मीटर लगाएंगे उनके लिए अतिरिक्त छूट देने की बात अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग राशि के हिसाब से चल रही है। उन्होंने कहा कि इससे लाइन  लॉस कम होगा और विभाग को लाभ होगा।हरियाणा विधानसभा के नए भवन को लेकर चल रहे विवाद पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि परिसीमन को देखते हुए हरियाणा विधानसभा के भवन की जरूरत है,जो नया भवन बनना है उसमें किसी तरीके के टकराव की बात नहीं होगी। केंद्र शासित प्रदेश के साथ प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है।

*************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि सरकार तीव्र गति के साथ काम कर रही है।आगे भी काम इसी गति से जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री पंचकूला में भारतीय जनता पार्टी की आंतरिक समिति और सांसदों की बैठक के बाद मीडिया से मुखातिब थे। आज की बैठक को लेकर श्री नायब सिंह ने बताया -

2-बाइट -सी एम

मुख्यमंत्री ने कहा कि निकाय चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ता पूरी तरह तैयार है। इसको लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा की गई है।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 50-55 साल राज किया लेकिन जो अपेक्षाएं देश को कांग्रेस से थी वह पूरी नहीं हुई।

********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म को हरियाणा में कर मुक्त करने की घोषणा की है।उन्होंने कहा कि यह फ़िल्म 27 फ़रवरी, 2002 को गोधरा (गुजरात) में हुए साबरमती एक्सप्रेस की घटना पर आधारित है। फिल्म में इसमें घटना की सच्चाई को दिखाया गया है । फ़िल्म निर्माता ने इस मुद्दे को बहुत ही संवेदनशीलता और गरिमा के साथ संभाला और यह फिल्म आत्ममंथन करने के लिए प्रेरित करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फ़िल्म के माध्यम से 59 निर्दाेष पीड़ितों को भी अपनी बात कहने का मौका मिला है।

********************************************************************

हरियाणा सरकार ने 'हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना 2024' अधिसूचित की है। इस योजना का उद्देश्य अभिनव कार्यों और असाधारण प्रयासों से प्रदेश में बेहतर शासन में योगदान देने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत करके शासन में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है।मुख्य सचिव विवेक जोशी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, पुरुस्कारों को फ्लैगशिप योजना पुरस्कार और राज्य-स्तरीय पुरस्कार में वर्गीकृत किया गया है। योजना के तहत' जिला-स्तरीय पुरस्कार' भी दिए जाएंगे।

और जानकारी के लिए चलते हैं अपने चंडीगढ़ संवाददाता के पास

<u>फ्लैगशिप पुरुस्कारों के तहत उन फ्लैगशिप परियोजनाओं में शामिल टीमों को सम्मानित किया</u>

जाएगा, जिनसके काम से शासन में महत्वपूर्ण सुधार हुआ हो। राज्य स्तरीय पुरस्कार विभिन्न शासन पहलों में बेहतरीन काम करने वाली टीमों को प्रदान किए जाएंगे। योजना के तहत' जिला-स्तरीय पुरस्कार' भी दिए जाएंगे।

प्रत्येक फ्लैगशिप पुरुस्कार के लिए 51,000 रुपये जबकि राज्य स्तरीय पुरस्कारों में प्रथम पुरस्कार के लिए 51,000 रुपये, दूसरे पुरस्कार के लिए 31,000 रुपये और तीसरे पुरस्कार के लिए 21,000 रुपये दिए जाएंगे। नकद पुरस्कार विजेता टीम के सदस्यों में समान रूप से बांटे जाएंगे ।

पुरस्कारों में एक ट्रॉफी और प्रशंसा प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। फ्लैग्शिप पुरस्कार के प्रशंसा पत्र पर मुख्य सचिव के हस्ताक्षर होंगे। प्रशंसा पत्र सम्मानित कर्मचारी के सेवा रिकॉर्ड से जोड़े जाएंगे।

जिला-स्तरीय पुरस्कार' प्रत्येक जिले के उपायुक्त द्वारा प्रदान किए जाएंगे। जिले में प्रथम स्थान के लिए 31,000 रुपये, दूसरे स्थान के लिए 21,000 रुपये और तीसरे स्थान के लिए 11,000 रुपये के नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक पुरस्कृत टीम को संबंधित जिले के मंडल आयुक्त द्वारा हस्ताक्षरित एक ट्रॉफी और प्रशंसा प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

**************************************************************************

भारतीय लेखापरीक्षा तथा लेखा विभाग के चंडीगढ़ स्थित प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा कार्यालय में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, कैग के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में लेखापरीक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है।

आज लेखापरीक्षा सप्ताह के कार्यक्रमों की शुरुआत श्रम ब्यूरो भवन में श्रमिक विभाग के साथ वार्तालाप और कार्यशाला से हुई। प्रधान निदेशक लेखा परीक्षा कार्यालय के अधिकारी, उप निदेशक संजय नेहरू ने आकाशवाणी को बताया -

3-बाइट -संजय नेहरू

हमारे संवाददाता अश्विनी कुमार शर्मा ने बताया कि लेखापरीक्षा सप्ताह

का समापन 26 नवंबर को चंडीगढ़ के गोल्फ कोर्स में होगा।समापन समारोह की अध्यक्षता पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया करेंगे।

*************************************************************************

अंबाला रेल मंडल में आज भगवान बिरसा मुन्डा के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया । मंडल रेल प्रबंधक मंदीप सिंह भाटिया ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों सहित सभी रेल कर्मचारियों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर फूल माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उन द्वारा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान को याद किया गया । इस मौके पर "भारत के स्वाधीनता संग्राम में जनजातियों की भूमिका" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया ।